# मेघवाल ने की जल जीवन मिशन सहित केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की समीक्षा



बीकानेर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ( दिशा ) की बैठक को केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री तथा बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। मेघवाल ने केन्द्र प्रवर्तित 39 योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की।

जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए मेघवाल ने कहा कि यह केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजना है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाती है। इसमें किसी स्तर पर गड़बड़ी नहीं हो। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता को लेकर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। उन्होंने मिशन के तहत संचालित 170 लघु तथा 5 वृहद पेयजल योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार प्रत्येक घर को नल के जल से जोड़ने में अधिकारी पूर्ण गंभीरता और जिम्मेदारी से कार्य करें। इसमें धन की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि विद्युत निगम द्वारा आरडीएसएस के कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। मरूस्थलीय क्षेत्रों में आंधी-तूफान के कारण विद्युत पोल को नुकसान हो तो इसे अविलम्ब दुरूस्त करने के लिए अतिरिक्त टीमें लगाएं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम सूर्यघर योजना को प्रमोट करने के लिए जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए। गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर जलने की स्थिति में उन्हें अविलम्ब बदलने के निर्देश दिए।

मेघवाल ने कहा कि रोड नेटवर्क में बीकानेर को आगे बढ़ाना है। इसके लिए सड़कों से जुड़े सभी कार्य प्राथमिकता से किए जाएं। भारत माला योजना से जुड़े लंबित अवार्ड राशि के मामले निपटाने के निर्देश भी उन्होंने दिए। मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से कोई भी पात्र परिवार वंचित नहीं रहे। उन्होंने अमृत योजना के तहत नगर पालिकाओं के सीवरेज-ड्रेनेज गेप कवर करने के लिए आवश्यक कार्ययोजना बनाने के लिए कहा। बीकानेर शहर की स्वच्छता रैंकिंग सुधारने के लिए समन्वित तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रति ग्रामीणों को जागरुक करने के लिए शिविर लगाए जाएं। पीएमश्री विद्यालयों के विकास कार्यों की मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की एडिप और वयोश्री योजना के तहत शिविर लगाने एवं चिन्हित दिव्यांगजनों को उपकरण देने के निर्देश दिए। मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों की प्रभावी मॉनिटरिंग हो। पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि सभ्य, सुसंस्कृत और स्वस्थ सामाजिक व्यवस्था के लिए यह जरूरी है कि बेटे और बेटी में कोई भेद नहीं हो। अवैध खनन के खिलाफ टीम भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपखण्ड अधिकारियों की टीमें बनाकर इस दिशा में कार्य किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के गिव अप अभियान की देशभर में सराहना हुई है। इससे पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिलना संभव हुआ है। केन्द्रीय मंत्री ने जिले में कोल गैसिफिकेशन और गैसोनेट के माध्यम से गैस

- जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में मेघवाल ने केन्द्र प्रवर्तित 39 योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की

पाइपलाइन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जिले का क्लाइमेंट एक्शन प्लान बनाया जाए। साथ ही नाइट टूरिज्म की संभावनाओं पर चर्चा की।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने पीबीएम अस्पताल के विभिन्न विभागों की गत और वर्तमान वर्ष की ओपीडी रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जयपुर की तर्ज पर पीबीएम अस्पताल में मेडिसिन आउटडोर प्रारम्भ किया जाए। उन्होंने कैंसर रिसर्च सेंटर का संचालन और अधिक गंभीरता से करने के निर्देश दिए।उन्होंने पिंक टॉयलेट की स्थिति की समीक्षा की। दुकानदारों को सड़कों पर कचरा नहीं फैंकने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि पीएमश्री विद्यालयों में आवेदन के फॉर्मेट उपलब्ध करवाएं, जिससे अधिक से अधिक स्कूलों को इस योजना से जोड़ने के प्रयास हों। गोदारा ने उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर नियोजित एएनएम को प्रसव संबंधी प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

## नहर में मिला युवक का शव

**बीकानेर,**(कासं)। यहां रावला क्षेत्र से मजदूरी के लिए घर से निकले युवक का शव खाजूवाला क्षेत्र की केवाईडी नहर के 61 हैड में मिला।

मृतक की पहचान 30 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र रामकुमार कुम्हार निवासी 10 डीओएल के रूप में हुई है। सुनील 7 जून की शाम को घर से मजदूरी करने के लिए निकला था, लेकिन इसके बाद से वह लापता था। परिजनों द्वारा लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। परिजनों को शक था कि सुनील नहर में गिर गया होगा। क्योंकि घटनास्थल के पास उसका मोबाइल और टिफिन बरामद हुआ था। इसके बाद परिजन रविवार को पूरे दिन केवाईडी नहर में उसकी तलाश करते रहे। 30 घंटे की तलाश के बाद सोमवार को खाजूवाला के 61 हैड पुल के पास पानी में शव तैरता हुआ मिला।

घटना की सूचना पर खाजूवाला पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई रावताराम व हैड कांस्टेबल ईश्वरराम ने बताया कि शव की शिनाख्त मृतक के चाचा सोहनलाल ने की। उन्होंने बताया कि सुनील 7 जून को मजदूरी के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने हर संभावित जगह उसकी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

सोमवार को जब सूचना मिली कि नहर में एक युवक का शव मिला है, तो परिजन मौके पर पहुंचे। शव देखकर उसकी पहचान सुनील कुमार के रूप में की गई। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और मर्ग दर्ज करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया। प्राथमिक जांच में मामला नहर में गिरकर मौत होने का लग रहा है। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## सार-समाचार

### सब्जी उत्पादन की तकनीक बताई



किसानों को सब्जियों की उन्नत उत्पादन तकनीकी के बारे में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दिलीप कुमार समादिया ने जानकारी दी।

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित पंद्रह दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून के अंतर्गत केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान एवं अन्य संस्थानों (के.वी.के. बीकानेर, लूणकरनसर एवं कृषि विभाग, राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 09 जून को बीकानेर जिले के (हमेरा, शेरेरा, बंबलू), कोलायत (अकासर, भोलासर, चानी), लूणकरनसर धानी खोड़ा, धानी छीला, रामबाग में किसान गोष्ठियों का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि एवं बागवानी किस्मों, नवीनतम तकनीकों, कृषि पद्धतियों तथा केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना, जिससे किसान अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ा सके और आय में वृद्धि कर सके। इस कार्यक्रम में संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. दिलीप कुमार समादिया ने बीकानेर के हमेरा, गस्डीयला, गाढवाला, बंबलू में किसान गोष्ठी के दौरान किसानों को संस्थान द्वारा विकसित सब्जियों (विशेषकर काचरी, काकड़िया, लौकी, ग्वारफली, बेंगन, पालक, कूंदरू) की उन्नत उत्पादन तकनीकी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जलवायु अनुकूल किस्मों, कम लागत वाली उत्पादन तकनीकियों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान कोलायत ब्लॉक के अकासर, भोलासर, चानी गावों में किसान गोष्ठी के दौरान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. शिव राम मीना ने संस्थान द्वारा विकसित शुष्क क्षेत्रीय फल एवं सब्जियों की वैज्ञानिक खेती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शुष्क फलों की वैज्ञानिक खेती, इसकी उत्पादन तकनीक एवं इनके मूल्य संवर्धन द्वारा किसान अधिक लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने संस्थान द्वारा समय-समय पर फल एवं सब्जियों पर दिये जाने वाले कृषक प्रशिक्षण के बारे में भी चर्चा की।

### घड़साना में पानी की किल्लत

**अनूपगढ़,** (कासं)। घड़साना के भगत सिंह नगर में पेयजल आपूर्ति की समस्या से लोग परेशान हैं। सरपंच मोटन दास के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने जलदाय विभाग कार्यालय का घेराव किया। महिलाओं ने मटके फोड़कर विरोध प्रदर्शन किया और विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। सरपंच ने जलदाय विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। लोगों को पानी के लिए 500 से 800 रूपए खर्च कर टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं होने पर बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। ग्राम पंचायत 24 एएस सी के प्रशासक मोटनदास नायक ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत एक पानी की डिग्गी बनाई गई थी। करीब 100 से 150 घरों में कनेक्शन दिए गए। लेकिन पाइपलाइन को आपस में नहीं जोड़ा गया। इस कारण क्षेत्रवासियों को पानी नहीं मिल पा रहा है। गर्मी के मौसम में लोग पानी के लिए परेशान हैं। पंचायत समिति डायरेक्टर प्रतिनिधि गुरूपेज गिल के अनुसार पहले भी कई बार जलदाय विभाग को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। मगर हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला है। उन्होंने कहा कि जल्द समाधान नहीं होने पर ग्रामीण स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

### 26 टॉपर छात्राओं को पुरस्कार

**बीकानेर,** (कासं)। सरकारी स्कूलों में जहां मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव होता है। उन्हीं स्कूलों में अगर छात्राओं को प्रोत्साहन राशि मिले तो वे दो दुगने ताकत से शिक्षा के प्रति आगे बढ़ती है। जाने पहचाने नापासर के राजकीय गीता देवी बागड़ी स्कूल की 26 जिन छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए उन्हें 5100-5100 रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। पिछले साल 11 छात्राओं ने 90 फीसदी से अधिक अंक अर्जित किए थे। उन्हें सम्मान मिला तो इस बार 26 छात्राओं ने 90 फीसदी का आकड़ा छू लिया। भामाशाह की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। सरकारी स्कूलों में न केवल नामांकन बढ़ रहा है बल्कि रिजल्ट भी साल दर साल बेहतर हो रहा है। श्रीमती सीएम मूंधड़ा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के भामाशाह कन्हैयालाल मूंधड़ा ने 2018 में न केवल स्कूल के लिए तीन मंजिला बिल्डिंग तैयार करवाई बल्कि बोर्ड परीक्षा में 90 फीसदी से अधिक अंक हासिल करने वाली स्कूल की छात्राओं को प्रति वर्ष ट्रस्ट की ओर से नकद परितोषिक देकर सम्मानित भी किया जा रहा है। इस साल बालिकाओं को 132600 रूपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। पिछले सात साल में स्कूल में बालिकाओं का नामांकन 50 प्रतिशत बढ़ा है। 2018 से पहले स्कूल में 600 बालिकाएं अध्ययनरत थी।

### फायरिंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर में एक व्यापारी के घर पर बीते दिनों हुई फायरिंग के मामले में जवाहर नगर थाना पुलिस को अहम सफलता हाथ लगी है। बीते कई दिनों से पुलिस के लिए पहेली बने इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी शूटर गोलू पंडित को आगरा से गिरफ्तार किया है। पुलिस अब आरोपी को गिरफ्तार कर घटना के संबंध में पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस ने आज कोर्ट में पेश कर आरोपी का रिमांड लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी गोलू शातिर है। आरोपी कोई भी तकनीकी साधन का इस्तेमाल नहीं करता है। जिस दिन आरोपी ने घटना को अंजाम दिया उस दिन वह श्रीगंगानगर के कई होटलों में फर्जी आईडी के जरिए रुका। गोलू ने घटना में लिप्त अन्य युवकों को भी अपने नाम पते के बारे में नहीं बताया। ऐसे में आरोपी व्यापारी के घर फायरिंग कर ट्रेन के जरिए यहां से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों के सम्पर्क में आया था। जिस पर आरोपी ने 50 हजार रूपए लेकर व्यापारी के घर पर फायरिंग करने की जम्मेदारी ली थी।

# प्राकृतिक खेती एवं जलवायु अनुकूल कृषि की जानकारी दी



एनआरसीसी वैज्ञानिकों ने गांव नगासर के किसानों से संवाद कर विकसित कृषि संकल्प अभियान की जानकारी दी।

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एन.आर.सी.सी.), बीकानेर द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान 09 जून को गांव नगासर में अनुसूचित जाति उप योजना (एस.सी.एस.पी.) तहत कृषक-वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 146 किसान सहभागी बनें तथा खासकर महिलाओं ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया।

केन्द्र के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पूनिया ने किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों, उन्नत तकनीकों, प्राकृतिक खेती एवं जलवायु अनुकूल कृषि प्रणालियों की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भेड़, बकरी एवं ऊंट पालन ग्रामीण आजीविका के सशक्त माध्यम हैं। व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु पशुपालक फोन, रेडियो आदि माध्यमों से विषय-विशेषज्ञों से संपर्क करें। डॉ. पूनिया ने एन.आर.सी.सी. द्वारा अनुसंधान क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों, अनुसूचित जाति उपयोजना आदि के साथ-2 ऊंटनी के दूध एवं उष्ट्र पर्यटन विकास जैसे नवाचारों के माध्यम से उष्ट्र प्रजाति के संरक्षण एवं विकास कार्यों की भी जानकारी दी।

## शीतल जल मंदिर का लोकार्पण

**बीकानेर,** (कासं)। आचार्य तुलसी के 29 वें महाप्रयाण दिवस के अवसर पर आयोजित सप्त दिवसीय आयोजनों की श्रृंखला में आज पी.बी.एम. अस्पताल के आचार्य तुलसी कैंसर चिकित्सा विभाग के प्रेक्षा कॉटेज परिसर में अमृतम शीतल जल मन्दिर का लोकार्पण किया गया।

आचार्य तुलसी शान्ति प्रतिष्ठान के मंत्री दीपक आंचलिया ने बताया कि जल मन्दिर का लोकार्पण कोलकाता से समागत गंगाशहर नागरिक परिषद के अध्यक्ष प्रदीप चौपड़ा के साथ ही अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र वर्मा एवं आचार्य तुलसी रीजनल कैंसर चिकित्सा एवं अनुसंधान केन्द्र की निदेशक डॉ. नीति शर्मा ने किया।

आचार्य तुलसी शान्ति प्रतिष्ठान अध्यक्ष गणेश बोथरा ने बताया कि जल मन्दिर का निर्माण में मोटाराम सूरजमल दुगड़ परिवार गंगाशहर के सौजन्य से किया गया है। जल मन्दिर में शीतल जल के प्लांट के साथ ही वाटर प्यूरीफायर भी लगवाया गया है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से घायल की मौत

- श्रीडूंगरगढ़ में दो दिन पहले हुआ था हादसा, घायल पीबीएम अस्पताल में भर्ती था
- ट्रैक्टर तेज गति से आया और बाइक सवार को टक्कर मार दी

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ में ट्रैक्टर की टक्कर से दो दिन पहले घायल हुए बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं एक अन्य घायल है, जिसका इलाज पीबीएम हॉस्पिटल के ट्रोमा सेंटर में चल रहा है।

श्रीडूंगरगढ़ के लिखमीसर गांव के किशनाराम जाट ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसके दो भाई लेखराम और रामेश्वर लाल बाइक पर जा रहे थे। इस दौरान एक ट्रैक्टर तेज गति से आया और बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में लेखराम और रामेश्वर लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को श्रीडूंगरगढ़ के सरकारी हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां से बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया।

दो दिन तक लेखराम जीवन और मौत के बीच संघर्ष करता रहा। इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायल रामेश्वरलाल का इलाज चल रहा है।

श्रीडूंगरगढ़ में औसतन हर सप्ताह दो-तीन सड़क हादसे होते हैं। इनमें अधिकांश को बीकानेर के पीबीएम घायल के लिए रेफर करना पड़ता है। ऐसे में सभी घायलों की जान भी नहीं बच पाती। इलाज तुरंत नहीं मिलने के कारण घायलों की मौत हो जाती है। इसी कारण क्षेत्र में ट्रोमा सेंटर स्थापित करने की मांग बढ़ती जा रही है।

# पंचायती राज उपचुनाव में भाजपा ने बाजी मारी

- गंगानगर जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य पदों पर भाजपा प्रत्याशी जीते

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में रविवार को हुए उपचुनाव में भाजपा ने बाजी मारी है। जिला परिषद सदस्य और पंचायत समिति सदस्य के हुए दोनों चुनावों में भाजपा उम्मीदवार जीते हैं।

सूरतगढ़ पंचायत समिति के जोन नंबर 13 के उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। कड़े मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी को 418 वोटों से जीत मिली। परिणाम आते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कांग्रेस खेमे में मायूसी छा गई। उपचुनाव में दोनों दलों ने पूरी ताकत झोंकी थी। मतगणना के बाद भाजपा उम्मीदवार को बढ़त मिलती गई। अंत में 418 वोटों से जीत पक्की हो गई। भाजपा नेताओं ने इसे जनता का विश्वास बताया।

जिला परिषद जोन नंबर 16 के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी निर्मला ने कांग्रेस उम्मीदवार सुमन देवी को 1706 वोटों से हराया। निर्मला को 4711 वोट मिले। कांग्रेस को 3005 और माकपा को 1501 वोट मिले। नोटा को 94 वोट डाले गए। कुल 9311 वोट पड़े। मतगणना के दौरान भाजपा को लगातार बढ़त मिलती रही। कांग्रेस नेताओं ने हार की समीक्षा की बात कही।

## स्टाफिंग पैटर्न में संशोधन की मांग

**बीकानेर,**(कासं)। शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कमल नारायण आचार्य ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल एवं शिक्षा निदेशक आशीष मोदी को पत्र लिखकर राजस्थान सरकार द्वारा 13 मार्च 2025 को विभाग में प्रेषित नवीन स्टाफिंग पैटर्न में संशोधन करने की पुरजोर मांग की है।

आचार्य ने बताया कि मंत्रालयिक संवर्ग के मानदंडों में संशोधन कर उच्च माध्यमिक विद्यालयों में न्यूनतम एक अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, एक सहायक प्रशासनिक अधिकारी, एक वरिष्ठ सहायक एवं एक कनिष्ठ सहायक के पदों को स्वीकृत करने, अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालयों में पद देने के साथ गठित समिति में संस्थापन अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी को भी शामिल करने की मांग की गई है।

# बीकानेर में पारा 46 डिग्री, लू के थपेड़ों ने नोतपा की याद दिलाई

- पाकिस्तान में बने एंटी साइक्लोन का असर सीधा पश्चिमी राजस्थान में हो रहा है

**बीकानेर,** (कासं)। एक सप्ताह का ब्रेक लेकर लू वापस लौट आई। लौटी भी वैसे ही जैसे नौतपा में विदा हुई थी। रविवार को बीकानेर प्रदेश का दूसरा गर्म शहर रहा। पारा 46 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

अचानक बढ़ी तपिश की दो वजह है। पहला हाल ही में आया विक्षोभ खत्म हुआ तो आसमान साफ हो गया। दूसरा पाकिस्तान में बने एंटी साइक्लोन का असर सीधा पश्चिमी राजस्थान में हो रहा है। दरअसल शनिवार से ही गर्म हवाओं ने लोगों को वापस नौतपा की याद दिला दी। प्रचंड लू से लोग बेहाल हो गए। दिन का पारा 46 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सुबह ही धूप ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। दोपहर में अंदाजा हो गया था कि लू तो है मगर पारा 45 डिग्री के आसपास ही होना चाहिए। क्योंकि दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा था। लोग घरों में दुबके थे। बाहर लू चलने का असर भी दिखा। बाजारों में रौनक भी कम रही। आवाजाही भी कम रही।

रात का रात का पारा भी 29.7 डिग्री तक पहुंच गया था। इसलिए दिन का पारा बढ़ने का अहसास था। मौसम विभाग के मुताबिक पूरे एक सप्ताह तक लू चलेगी। इसकी वजह दो ही है। पहली विक्षोभ खत्म होने के बाद अचानक आसमान साफ होना। क्योंकि इससे नमी कम हो जाती है। दूसरी वजह पाकिस्तान के ऊपर एंटी साइक्लोन बना हुआ है। एंटी साइक्लोन पश्चिमी हवाओं से बनता है जो गर्मी बढ़ाता है।

वैसे तो नौतपा खत्म हो गया मगर अब जो आने वाले 8-9 दिन हैं वो नौतपा जैसे ही होंगे। दिन का पारा 46 डिग्री पार हो सकता है और रात का पारा 33 डिग्री के करीब पहुंचेगा। मौसम विभाग ने वेबसाइट पर यही संकेत दिए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक 15 जून तक दिन का 45 और रात का 32 डिग्री के ऊपर तापमान जायेगा।

# देशनोक रेलवे स्टेशन पर चार जोड़ी ट्रेनों का ठहराव प्रारंभ



भगत की कोठी-जम्मूतवी एक्सप्रेस को प्रथम ठहराव के बाद केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री ने अर्जुनराम मेघवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- रेलवे ने जोधपुर मंडल के अधीन देशनोक रेलवे स्टेशन करणी माता मंदिर के दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए चार जोड़ी ट्रेनों का ठहराव शुरू किया

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने सोमवार को उत्तर पश्चिम रेलवे के देशनोक रेलवे स्टेशन पर भगत की कोठी-जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन को प्रथम ठहराव के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रेलवे ने जोधपुर मंडल के अधीन देशनोक रेलवे स्टेशन करणी माता मंदिर के दर्शनार्थियों व यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चार जोड़ी ट्रेनों का ठहराव प्रारंभ किया है। इस उपलक्ष में सोमवार को देशनोक रेलवे स्टेशन पर ट्रेन 19225, भगत की कोठी-जम्मूतवी एक्सप्रेस के प्रथम ठहराव को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से पूर्व आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने रेलसेवाओं व यात्री सुविधाओं के विस्तार की केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए आमजन की मांग के अनुरूप चार जोड़ी ट्रेनों के देशनोक रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित करने पर प्रधानमंत्री नरन्द्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों का सिरे से पुनर्विकास कराया जा रहा है तथा यह देशनोक रेलवे स्टेशन का सौभाग्य है कि स्वयं प्रधानमंत्री ने उपस्थित होकर इसका उद्घटान किया। समारोह में महिला शक्ति की अधिक उपस्थिति पर प्रसन्नता जताई। भगत की कोठी-जम्मूतवी एक्सप्रेस सहित चार ट्रेनों के देशनोक स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ करने के साथ ही उन्होंने क्षेत्र के अन्य स्टेशनों पर भी ट्रेनों के ठहराव का भरोसा दिलाया।

# ‘जल, जंगल, जमीन के रक्षक व महान क्रांतिकारी थे बिरसा मुंडा’



पुण्यतिथि पर स्वतंत्रता सेनानी एवं आदिवासियों के लोकनायक बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया।

**बीकानेर,** (कासं)। मीणा समाज, अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त महासंघ, बीकानेर द्वारा मुख्य डाकघर के पास स्वतंत्रता सेनानी एवं आदिवासियों के लोकनायक बिरसा मुण्डा की 125वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष व महासंघ के संयोजक मोहर सिंह सलावद थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुंडा की फोटो पर माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित से हुई। मुख्य अतिथि मोहर सिंह सलावद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जल, जंगल, जमीन के रक्षक, महान क्रांतिकारी, लोकनायक भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष सिर्फ एक आंदोलन नहीं था, बल्कि यह जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए जनचेतना की मिशाल थी। इनके द्वारा दिखाया गया साहस, सामाजिक न्याय के लिए समर्पण और राष्ट्रभक्ति हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज भी इनके विचार और आदर्श हमें अन्याय के विरूद्ध लड़ने और समाज में समरसता कायम रखने की शक्ति प्रदान करते हैं। मुंडा स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान 19 वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया। देश में निवास करने वाले जनजाति उन्हें भगवान मानते हैं।